बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Marketing and Publicity Dept.,
Head Office, Lokmangal
1501, Shivaji Nagar, Pune 411 005
020- 25614385
cmmedia@mahabank.co.in; agmmkt@mahabank.co.in;

# प्रेस-नोट

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हिन्दी दिवस समारोह का भव्य आयोजन

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रधान कार्यालय, पुणे में दिनांक 18 सितंबर, 2019 को हिन्दी दिवस समारोह अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री ए. एस. राजीव ने की। प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री सुश्री सोनाली कुलकर्णी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं। बैंक के निदेशक श्री एम. के. वर्मा, कार्यपालक निदेशक श्री ए. सी. राउत, कार्यपालक निदेशक श्री हेमन्त टम्टा, महाप्रबंधक मासंप्र व राजभाषा डॉ. एन. मुनिराजु कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। देश भर से आए कार्यपालकगण, अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

डॉ. एन. मुनिराजु, महाप्रबंधक ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बैंक की ई-पत्रिका के वार्षिक संकलन का विमोचन श्री ए. एस. राजीव, सुश्री सोनाली कुलकर्णी और मंच पर उपस्थित मान्यवरों के कर-कमलों से किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित आंतरिक राजभाषा ट्रॉफी योजना के पुरस्कार देश भर से आए अंचल प्रबंधकों और शाखा प्रबंधकों को वितरित किए गए।

सुश्री सोनाली कुलकर्णी ने इस अवसर पर कहा कि हिन्दी के प्रचार-प्रसार में हिन्दी सिनेमा और टेलीविजन का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा हिन्दी एक बहुत ही सरल भाषा है जो भारत के हर प्रांत और स्थान पर बोली जाती है। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र से उनका विशेष रिश्ता है। उनके परिवार के एक सदस्य बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पूर्व कर्मचारी थे इसीलिए उन्हें बैंक अपने परिवार की ही तरह लगता है। श्री एम. के. वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी सरल भाषा है और हिन्दीतर भाषी राज्यों में भी सरलता से बोली और समझी जाती है।

अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री ए. एस. राजीव ने कहा कि अपनेपन के साथ उत्तम ग्राहक सेवा प्रदान करने में हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और जन-जन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए तथा अपनी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी श्रेष्ठ विकल्प है। श्री ए. सी. राउत ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि बैंक एक व्यापारिक संगठन है और ग्राहक हमारे केंद्र बिंदु हैं अतः लाभप्रदता को बढ़ाने तथा कारोबार की दृष्टि से हमें हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करना होगा। श्री हेमन्त टम्टा ने अपने संबोधन में कहा कि भाषा संप्रेषण का एक मज़बूत माध्यम है। अपनी भाषाओं में ग्राहक के साथ संवाद से ग्राहक अपनापन महसूस करता है। हिन्दी भाषा फिल्म और मनोरंजन की भाषा के साथ ही साहित्य, कारोबार और टेक्नालॉजी की भी मजबूत भाषा है। श्री विवेक नाचणे, सहायक महाप्रबंधक (विपणन व प्रचार) ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सूत्र संचालन डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक ने किया। मुख्य प्रबंधक श्री महेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम हेतु विशेष सहयोग किया।




**फोटो कैप्शन - बाएं से दाएं -** मंचासीन डॉ. एन. मुनिराजु, महाप्रबंधक, श्री ए. सी. राउत, कार्यपालक निदेशक, श्री एम. के. वर्मा, निदेशक, श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, प्रख्यात अभिनेत्री सुश्री सोनाली कुलकर्णी और श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक